52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.5 °c अधिकतम 16.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:15 सूर्यास्त-5:38 वर्ष : 52/ अंक : 10 शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

भगवान कुछ रिश्ते इसलिए भी तोड़ देते हैं, ताकि हमारी जिंदगी खराब न हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा की तरफ से अधिकारी लड़ेंगे मिल्कीपुर चुनाव : माता प्रसाद पाण्डेय



तो....भाजपा की जीत पक्की समझो....

# अब शहर ही नहीं कस्बे में भी मिला अय्याशी का अड्डा

## महावीर चौक, गांधी कॉलोनी के बाद अब खतौली क्षेत्र में ओयो होटल में पकड़ी गयी कई युवतियां

**खतौली/मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में लगातार आए दिन अय्याशी के अड्डे मिल रहे हैं और शिकायतों का अम्बार प्रशासन के पास ऐसा लगा है कि चाहो तो दर्जनों होटल सील हो सकते हैं। बस कार्यवाही करने की देरी है। गुरूवार को खतौली एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी व पुलिसबल के साथ खतौली तहसील क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर तिगाई गांव के एक होटल जोकि गोल्डन डायमंड होटल है मगर इस होटल को ओयो ने हायर किया हुआ है, पर अचानक छापामारी की गयी तो वहां से कई युवक व युवतियां पकड़े गए। युवक युवतियों को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ तो दिया गया मगर जब होटल संचालकों व वहां मौजूद युवतियों से सवाल जवाब किये गए तो किसी के पास भी सही जवाब नहीं था। पूर्व की भांति होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गयी। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए होटल मालिक व अन्य संचालकों को तत्काल कोतवाली भिजवाया तथा कोतवाली प्रभारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। एसडीएम ने बताया कि होटल में अनैतिक गतिविधियां होने की शिकायत कई बार मिल चुकी थीं, जिसे संज्ञान में लेते हुए आज कार्यवाही की गयी है और आगे भी ऐसे होटलों पर शिकायत के आधार पर अनैतिक गतिविधियां यदि देखी गयी तो सख्ती से कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों में चर्चा है कि इस होटल में देह व्यापार जैसे घृणित कार्य आम हो चुके थे और कुछ दबंग तथा तथाकथित नेताओं का इस होटल को संरक्षण प्राप्त था। इसी कारण होटल मालिक की दबंगई खूब चल रही थी और उनके हौसले लगातार शिकायत के बावजूद भी बुलंद दिखाई देते थे।



### हाल ही में ओयो होटल ने अपनी गुडविल बनाने का किया था दावा

**मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)। युवक-युवतियों को पनाह देने वाले पूरे देश में चर्चित हो चुके ओयो होटल ने हाल ही में अपनी साख बनाने का दावा करते हुए मेरठ से एक नई शुरूआत की थी और 1 जनवरी से नए नियम लागू करते हुए कहा था कि अब ओयो होटल या तो पति पत्नी अथवा उन अविवाहित जोड़ों को ही अपने होटल में रूम उपलब्ध कराएगा जिनके पास रिलेशनसिप प्रमाण पत्र होंगे। तीन दिन पहले ही यह समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था और उसके ठीक तीन दिन बाद ही खतौली का यह कारनामा सामने आने से साफ हो गया कि बाहर का ढोंग रखने से अंदर के संस्कार नहीं बदला करते। ओयो होटल ने जिस आधार पर करोड़ों का मुनाफा कमाया था आखिर वह अपना आधार कैसे खो देगा। आपको बता दें कि देश में अधिकांश ओयो होटलों में छापमारी के बाद खूब अनैतिक कार्यों के साक्ष्य मिलते हैं। और ये होटल अविवाहित जोड़ों को रूम देने के लिए ही पूरे देश में चर्चित हैं।**

### आखिर कहां जा रही है संस्कारों का ढोंग रचने वाली भारतीय संस्कृति

**मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)।** एक समय था जब महिलाओं के गले से दुपट्टा तक सरकता था तो कोई न कोई बड़ा बुजुर्ग टोक ही देता था। मगर आज नई तांती संस्कारों को तार-तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। बालिग हो या नाबालिग शिक्षा ग्रहण करने वाले पचास फीसदी से अधिक बच्चे भ्रमित हो रहे हैं। उन्हें यह संस्कार देने वाला कोई है ही नहीं कि किस उम्र में उन्हें क्या करना और देखना चाहिए। माता-पिता के सपनों को ताक पर रखकर बच्चे ऐसी राह अपनाने लगेंगें यह शायद पिछले बीस सालों में किसी ने सोचा न था। आधुनिकता के नाम पर आज बच्चे मां-बाप से छूट लेकर होटलों में आजादी से पार्टियां करने के लिए निकल पड़ते हैं, मगर इन पार्टियों की आड़ में नौजवान पीढ़ी आखिर किस हद तक गिर गयी है, यह स्वयं माता-पिता को भी अंदाजा नहीं हो पा रहा है। यदि शारीरिक सम्बंधों की बात की जाये तो आज वयस्क होने से पहले ही अधिकांश नाबालिग बच्चे शारीरिक सम्बंध बनाने में कोई हिचकिचाहट नहीं करते। कुछ समय पहले तो यह लगता था कि सिर्फ अपने शहर से बाहर दिल्ली, चंडीगढ़, नोएडा, बैंगलौर, देहरादून जाने वाले बच्चे ही बिगड़कर वापस लौट रहे हैं, मगर अब तो अपने ही शहर में बच्चों को मां-बाप की इज्जत का कोई ख्याल नहीं रहा। बड़ी बात यह है कि कैफे, होटलों में पकड़े जाने के बाद अब बच्चों को यह शर्म नहीं आती कि उनके कपड़े देखने के बाद मां बाप उन्हें पहचान लेंगे या नहीं। न उनके चेहरे पर कोई शिकन है और न ही कोई शर्मिन्दगी। खतौली का वाका कोई पहला वाक्या नहीं है। पिछले डेढ़ माह में पुलिस की यह तीसरी बड़ी रेड है। पहली रेड में महावीर चौक स्थित स्वरूप स्क्वायर में लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राएं पकड़े गए थे। जहां से आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। इसके बाद गांधी कॉलोनी स्थित बुद्धा कैफे में भी छापामार कार्यवाही के दौरान कुछ जोड़े मिले थे, जिन्हें मौके पर ही बिना कार्यवाही के छोड़ दिया गया था। अब तीसरा वाका खतौली क्षेत्र का है। माना तो यह जाता है कि ग्रामीण अंचलों में शहरी क्षेत्रों के मुकाबले संस्कार अधिक होते हैं, मगर धीरे-धीरे यह भ्रम भी ऐसी घटनाओं को देखकर टूटने लगा है और प्रत्येक बुजुर्ग व सामाजिक व्यक्ति यही कहता दिखाई देता है कि हम सिर्फ अपनी संस्कृति का ढोंग रचने के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं। कहीं से भी कोई संस्कार अपने बच्चों को नहीं दिला पा रहे हैं। सिर्फ संस्कार सिर्फ शब्दों में ही रह गए हैं। संस्कारों की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भारत जैसे देश में अब अवैध रूप से रोजाना छोटे-छोटे शहरों, कस्बों में ऐसे अनैतिक कार्य मिलने से साफ दिख रहा है कि हमारी संस्कृति वास्तव में किस ओर जा रही है।

## मोबाइल चलाने से मना करने पर भाई-बहन ने खाया जहर

**▶ बहन की हालत गंभीर, चिकित्सकों ने मेरठ किया गया रैफर**

**बुढ़ाना, 09 जनवरी (बु.)।** बहन को मोबाइल चलाने से मना करने के मामले में पहले तो भाई बहन आपस में लड़ पड़े और फिर उसके बाद दोनों ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों भाई बहन को एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर बहन की हालत गंभीर थी और उसको मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के एक गांव की निवासी 17 साल की एक किशोरी आज बृहस्पतिवार के दिन अपने घर पर काफी देर से मोबाईल चला रही थी। उसके भाई 19 वर्षीय गौरव ने अपनी बहन को मोबाइल चलाने से मना करते हुए मोबाइल छीन लिया। बस इसी बात पर पहले तो दोनों भाई बहनों में खूब तू तू मैं मैं हुई उसके बाद दोनों में हाथापाई हो गया तभी परिजनों ने दोनों का बीच बचाव करा दिया। उसके कुछ ही देर बाद किशोरी ने घर में रखी कीटनाशक दवाई खा ली। जब भाई को बहन के जहर खाने का पता लगा तो उसने भी गुस्से में आकर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। थोड़ी सी देर बाद दोनों भाई बहन की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों में चीख पुकार मच गयी। दोनों को परिजनों ने मौहल्ले के लोगों की मदद से बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां पर बहन की हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ रैफर कर दिया गया और भाई को यहीं पर उपचार दिया गया। मोबाइल के चक्कर में भाई और बहन के द्वारा जहर खाने की घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। फुगाना पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी थी।

## भाई को फोन कर फांसी पर लटकी नवविवाहिता

**शामली, 09 जनवरी (एजेंसी)।** कांधला के मोहल्ला सलेमपुर रोड निवासी वाजिद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन मुस्कान (20) का निकाह करीब तीन महीने पहले मोहल्ला दरबार खुर्द तीतरवाड़ा रोड निवासी शाहरुख के साथ हुआ था। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए उसकी बहन के साथ मारपीट करते थे। कई बार उसकी पिटाई की गई। विरोध करने पर जान मारने की धमकी दी जाती थी। ससुरालियों के मांगने पर एक माह पूर्व ही पचास हजार रुपये भी उन्हें दिए थे। अब लगातार बाइक की मांग की जा रही थी। बुधवार देर रात ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बहन को फंदे पर लटकाकर मार डाला। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति शाहरुख, जेठ जावेद व फारुख, ससुर मजीद, सास शकीला निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। एएसपी संतोष कुमार का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। एक आरोपी को हिरासत में भी लिया गया है। वाजिद ने बताया कि चार दिन पूर्व ही बहन से फोन पर बात हुई थी। उसने कहा था कि भाई ससुराल के लोग शादी में दिए सामान से संतुष्ट नहीं हैं। वे बाइक की मांग कर रहे हैं। मुझे रोजाना पीटा जा रहा है। भाई मुझे ये मार देंगे, इनकी मांग पूरी कर दो। आरोपी पति पानीपत की फैक्ट्री में पायदान बनाने का काम करता है। बताया कि शाहरुख की बहन रिजवाना की शादी मृतका के भाई वाजिद से कई साल पूर्व हुई थी। विवाहिता की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में लगे हुए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह पर पुनर्विचार याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली, 09 जनवरी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह के मामले में दिए गए फैसले पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने फैसले के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली समीक्षा याचिकाएं भी खारिज कर दी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में कोई खामी नहीं दिखाई देती और फैसले में व्यक्त किए गए विचार कानून के अनुसार हैं और इसमें किसी तरह का हस्तक्षेप उचित नहीं है। जस्टिस बीआर गवई, सूर्यकांत, बीवी नागरत्ना, पीएस नरसिम्हा और दीपांकर दत्ता की बेंच चैंबर ने यह फैसला सुनाया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 17 अक्तूबर, 2023 को दिए अपने निर्णय में दो टूक कहा था कि हम समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं दे सकते हैं, क्योंकि ये संसद के अधिकार क्षेत्र का मामला है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों को सामाजिक और कानूनी अधिकार देने के लिए पैनल का गठन करने के सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में 36 दिग्गजों ने ठोंका दावा

**▶ भाजपा कार्यालय पर दिनभर रहा गहमागहमी का आलम ▶ भाजपा प्रांतीय परिषद के लिए भी कई ने की दावेदारी**

**मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी (बु.)।** यूपी में भाजपा जिलाध्यक्ष के नामांकन की शुरू प्रक्रिया के बीच गुरूवार में गांधी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर पूरे दिन गहमा गहमी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जनपद का नेतृत्व पाने की खातिर भाजपा के वर्तमान व पूर्व जिलाध्यक्षों के साथ करीब 36 कार्यकर्ताओं ने अपने नामांकन प्रस्तुत करने के साथ ही जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा पेश किया।




भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से जिला चुनाव अधिकारी पूरण लाल लोधी के समक्ष भाजपा के गांधीनगर पार्टी कार्यालय पर इस बीच भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सत्यपाल पाल, महामंत्री विनीत कात्यायन, पंकज त्यागी, रोहित बाल्मीकि, सुनील दर्शन, उपाध्यक्ष शरद शर्मा, राकेश त्यागी, मनोज पंवार, ओमवीर चौहान, सचिन त्यागी, रविन्द्र बेनीवाल, सतीश खटीक, सुधीर खटीक, हरीश अहलावत, शिल्पी राज वत्स, रामकुमार सैनी, जगदीश पांचाल, मनोज राठी, नजर सिंह गुर्जर, अजय पुंडीर, रणबीर सिंह, संजय अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार, राजीव सिंह, वीरपाल सहरावत, मनोज, यजवेन्द्र सिंह, संदीप त्यागी, राजबीर कश्यप, जितेन्द्र पाल, गजे सिंह जाटव, मनोज पाल, मदन कश्यप, मुकेश कश्यप आदि ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की। वहीं दूसरी ओर गुरूवार को ही प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए नामांकन पत्रों को दाखिल कराने के लिए बुढ़ाना के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र त्यागी, भाजपा मीडिया प्रभारी अचिन्त मित्तल, गीता जैन, सुशील त्यागी, रामकुमार सैनी शामिल रहे। नामांकन प्रक्रिया के बाद जिला चुनाव अधिकारी पूरण लाल लोधी ने बताया कि जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए इन सभी नामांकन पत्रों को प्रदेश कार्यालय लखनऊ भेजा जायेगा, जहां भाजपा जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल, प्रदेश मंत्री शंकर गिरी इन नामांकनों में पांच नामों का पैनल तैयार करेंगे, जिसके बाद उन नामों को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन मंत्री धर्मपाल व प्रदेश के चुनाव अधिकारी महेन्द्रनाथ पांडेय के समक्ष रखा जायेगा, तभी भाजपा के नए जिलाध्यक्ष पर सही मायने में मुहर लग सकेगी। बता दें, हाल ही में जनपद में भाजपा के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद जिलाध्यक्ष पद की गुरूवार को सरगर्मी शुरू हो गई है। इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच गुरूवार को 36 दिग्गजों के द्वारा की गई दावेदारी राजनीतिक क्षेत्र में नई इबादत लिखने की दिशा में आगे बढ़ेगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

### भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में चर्चाओं में पांच नाम

**मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद के भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में यूं तो 36 दावेदार सामने आए हैं। नामांकन करने में यूं तो पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, वर्तमान जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी सहित 36 नेताओं के नाम लिस्ट में शामिल हो गए हैं, वहीं चर्चाओं की बात करें तो इस समय जिलाध्यक्ष पद के लिए हो रही दौड़ में पूर्व मंत्री संजीव बालियान के करीबी मनोज कश्यप का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है। हालांकि इससे पूर्व जिलाध्यक्ष की दौड़ में विनीत कात्यान और विजय शुक्ला का नाम तेजी से चलता दिखाई पड़ रहा था, मगर फिलहाल नए नामों में मनोज कश्यप, सुधीर खटीक का नाम चर्चाओं में आया है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व तय करेगा कि जिलाध्यक्ष आखिर किसको बनाया जायेगा। स्वयं सुधीर सैनी भी पुनः जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल हैं, उन्होंने भी अपना नामांकन देते हुए जोर शोर से जिलाध्यक्ष बनने का दावा किया है। इसी क्रम में अन्य कई भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष बनने का दावा कर रहे हैं, मगर सूत्रों की मानें तो उपर्युक्त पांच नाम ही इस दौड़ में सबसे आगे चलने की चर्चाओं में बने हुए हैं।

## मीरापुर में अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, एक घायल

**मीरापुर, 09 जनवरी (बु.)।** कस्बे में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक ही गांव के दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। गुरूवार की दोपहर रामराज के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी ललित पुत्र भरत सिंह ई रिक्शा में सवार होकर मीरापुर में मोंटी तिराहे की तरफ जा रहा था। जब ई-रिक्शा थाने के चौराहे के निकट पहुँची, तभी एक प्राइवेट बस की टक्कर से ललित सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया।

वहीं शाम करीब चार बजे पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी राहुल पुत्र राजकुमार मीरापुर से सामान खरीदकर बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान जब वह गांव कैथोड़ा के निकट पहुँचा, तभी सामने से आ रहे टाटा मैजिक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर घायल हो गया। कैथोड़ा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो



गयी तथा उसके उसके परिजनों को सूचना दी। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक टाटा मैजिक लेकर भाग गया।

## जिला चिकित्सालय से जमकर चोरी हो रहे थे प्रतिबंधित डायजेपाम इंजेक्शन, मुकदमा दर्ज

**जनाब गुलशनव्वर पुत्र शौकीन खान खुद ही कर लेते थे फार्मासिस्ट प्रमोद के हस्ताक्षर**

**मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)।** सरकारी धींगामुश्ती का नजारा रोज सामने आता है और जिला चिकित्सालय तो आए दिन चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले दो दिनों से जिला चिकित्सालय में इस बात की सुगबुगाहट लगातार चली कि दौरा पड़ने पर दिये जाने वाला इंजेक्शन डायजेपाम जिला चिकित्सालय में नहीं पहुंच पा रहे थे। इसका खुलासा बृहस्पतिवार को पूर्ण रूप से होता दिखाई दिया। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट प्रमोद बाबू वेयर हाउस से मदीना कॉलोनी निवासी गुलशनव्वर पुत्र शौकीन खान द्वारा उक्त इंजेक्शन मंगाया करते थे मगर गुलशनव्वर ने कुछ दिन से प्रमोद बाबू के फर्जी हस्ताक्षर करके अपने आप ही उक्त कारनामे को अंजाम दिया, जिसकी रिपोर्ट चीफ फार्मासिस्ट हरीश उनियाल के द्वारा गुलशनव्वर के विरुद्ध दर्ज करा दी गयी है। उनके अनुसार 27 फरवरी 2024 से 5 नवम्बर 2024 तक सरकारी गाड़ी में ड्रग वेयर हाउस से दवाईयां अस्पताल के नाम पर लाई जा रही थी मगर बीच में दवाईयां कहां



गायब हो रही थी, इसका जवाब गुलशनव्वर ही देगा। इस मामले में पुलिस गंभीरता से गुलशनव्वर के घर की जांच कर रही है और बताया जा रहा है कि गुलशनव्वर की यह चोरी पकड़ ली गयी है, क्योंकि गुलशनव्वर के घर से ये इंजेक्शन पुलिस द्वारा बरामद कर लिये गए हैं। पुलिस जांच के बाद इस मामले का खुलासा करेगी। फिलहाल अस्पताल से प्रतिबंधित इंजेक्शन का गायब होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## धार्मिक आस्थाओं पर चन्द्रशेखर का तंज, बोले-जिन्होंने पाप किये हों वो जाएं कुम्भ

**मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)।** कुर्सी पर काबिज होने के बाद शायद नेताओं को वोट लेने के लिए सबकुछ करना पड़ता है। उन्हें बोलते समय यह ही नहीं पता चलता कि वे खुद कौन से धर्म से हैं। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना क्षेत्र से सांसद चन्द्रशेखर आजाद आज सहारनपुर पहुंचे तो मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने सरकार की कमियां निकालना शुरू कर दिया। बोलते-बोलते उन्हें यह ही नहीं पता चला कि वह बोल क्या गए हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले में सिर्फ वही लोग जाएंगे, जिन्होंने पाप किए हैं। वही अपने पाप धोने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब कोई पाप करता है तो बताता है क्या? संभल हिंसा की फाइल दोबारा खोलने की मांग करते हुए चन्द्रशेखर ने कहा कि जिनका चुनावी एजेंडा ही हिन्दू मुस्लिम विभाजन पर आधारित हो, उनसे किसी सुधार की उम्मीद करना बेकार है। जब सरकार से बुनियादी सुविधाएं जिनमें रोजगार,



मकान आदि शामिल हैं तो सरकार कन्नी काट लेती है। बस सरकार को हिन्दू-मुस्लिम करने के अलावा कुछ नहीं करना।

## मेरठ के सोहेल गार्डन में मिली एक ही परिवार के पांच लोगों की लाश

**मेरठ, 09 जनवरी (एजेंसी)।** मेरठ के लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र स्थित सुहेल गार्डन में बृहस्पतिवार शाम पांच लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। वारदात की गूंज मेरठ के साथ लखनऊ तक पहुंच गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। लिसाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहेल गार्डन में एक ही परिवार के पांच लोगों की लाश मिली है। पूरा परिवार बुधवार से लापता बताया गया है। बृहस्पतिवार शाम को उनके शव उनके ही मकान में एक कमरे पर बेड पर और उसके अंदर पड़े मिले हैं। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि कल से पूरे परिवार को किसी ने देखा नहीं था। आज अचानक लाश मिलने की बात सामने आई है। लिसाड़ी थाना क्षेत्र के सोहेल गार्डन में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी। बृहस्पतिवार शाम को उनके शव घर के एक कमरे में बेड और उसके अंदर पड़े मिले। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, परिवार बुधवार से लापता था। पड़ोसियों ने बताया कि पिछले 24 घंटे से किसी ने परिवार के किसी सदस्य को देखा नहीं था। जब बदबू आने लगी तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शुरूआती जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौतें कैसे हुईं। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार शांत स्वभाव का था और किसी से ज्यादा मेलजोल नहीं रखता था। फिलहाल, पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। अधिकारी सभी एंगल से जांच कर रहे हैं, जिसमें आत्महत्या और हत्या दोनों संभावनाओं को देखा जा रहा है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही सच सामने लाया जाएगा।



पत्नी आसमा व बेटी अफसा / पति मोइन

### बदायूं में पुलिस पर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बदायूं 09 जनवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के कुंवर गांव क्षेत्र में बीती अर्द्ध रात्रि में थाना पुलिस,स्पेशल आपरेशन ग्रुप और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिह ने गुरुवार को बताया कि बीती रात लगभग एक बजे पुलिस टीम कुंवर गांव थाना क्षेत्र के ग्राम बादल से गांव बनेई जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान एक बाइक सवार वहां से गुजरा। पुलिस टीम ने उसको रोकने का इशारा किया तो वह बाइक लेकर खेत में उतर गया और पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

## नई कलेक्ट्रेट बनाने की शुरू हुई जिले में कवायद

**▶ डीएम ने अधीनस्थों संग किया छपार में एक भूमि का निरीक्षण ▶ अंग्रेजी जमाने की कलेक्ट्रेट को बदलने की कवायद शुरू ▶ शहर से सटे कई इलाकों में भूमि के खंगाले जा रहे दस्तावेज**

**मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर की अंग्रेजी जमाने की कलेक्ट्रेट के स्थान परिवर्तन के साथ शहर में जाम की समस्या के निदान की दिशा में शुरू कवायदों के बीच डीएम ने अधीनस्थों के साथ नेशनल हाईवे पर छपार के निकट सरकारी भूमि का गुरूवार को निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट को नये कलेवर में लाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया गया है। हालांकि अभी तलाशी गई भूमि अंतिम फैसला नहीं है, पर आने वाले दिनों में शहरी क्षेत्र में वाहनों के दबाव के साथ बढ़ती जनसंख्या के बीच कलेक्ट्रेट में सुधार की कवायद तेज हो गई है। करीब एक वर्ष पूर्व मिले इस लैंड बैंक पर नई कलेक्ट्रेट निर्माण के लिए जो कवायद ठण्डे बस्ते में चली गई थी, उसे डीएम उमेश मिश्रा ने सर्द मौसम में नई गरमाहट प्रदान करने का काम किया है।

गुरूवार को इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह के साथ सिसौना-छपार हाईवे की लैंड बैंक का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां पर नई कलेक्ट्रेट की संभावनाओं को तलाशने के साथ ही एडीएम प्रशासन को इस संबंध में प्रस्ताव देने को कहा, ताकि उसे शासन में भेजकर नई कलेक्ट्रेट निर्माण की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने यहां पर मिले सरकारी लैंड बैंक का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण की आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि छपार क्षेत्र में मिले करीब 7 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर नई कलेक्ट्रेट बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां जीएसटी कार्यालय का निर्माण कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि पूर्व में तत्कालीन एसडीएम सदर से रिपोर्ट तैयार कराई गई थी। यहां पर कलेक्ट्रेट को विकसित करने के लिए लैंड बैंक मिला है। डीएम ने हालांकि इसके अलावा अन्य आधा दर्जन विकल्प खुले रखते हुए उन पर काम किए जाने की बात की है।

बता दें कि मुजफ्फरनगर को साल 1826 में ईस्ट इंडिया कंपनी शासन द्वारा राजस्व जिला घोषित किया था। इसके साथ ही वर्तमान कोर्ट रोड पर कलेक्ट्रेट स्थापना करते हुए यहां पर अंग्रेजी हुकूमत का पहला कलेक्टर नियुक्त किया था, तभी से यहां कलेक्ट्रेट का वजूद बना हुआ है। करीब 198 साल का इतिहास यह कलेक्ट्रेट अपने आप में समेटे हुए हैं। पिछले दिनों इसी कलेक्ट्रेट में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया गया। नक्शा भी बना लिया गया, लेकिन बाद मे इसे यहां से स्थानांतरित कराने की कवायद की गई। इसी कड़ी में एडीएम प्रशासन ने सितम्बर माह 2023 में जिला मुख्यालय से होकर गुजर रहे हाईवे के आसपास लैंड बैंक की तलाश की। इसमें छपार दिल्ली देहरादून हाईवे पर उन्हें बड़ा लैंड बैंक मिला। इसी बीच कलेक्ट्रेट में अंग्रेजी काल का डीएम दफ्तर ढह गया। अब फिर नई कलेक्ट्रेट को शहर से बाहर छपार ले जाने की कवायद ने नई गरमाहट पैदा की है।



# गांव बिराल में धांधलेबाजी का आरोप लगाकर चकबंदी रोकी

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 09 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 10 जनवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1510: ओडिशा के कवि और वैष्णव संत अच्युतानंद का जन्म। 1616: ब्रिटिश राजदूत सर थॉमस रो ने अजमेर में मुगल बादशाह जहांगीर से मुलाकात की। 1692: कलकत्ता के संस्थापक जॉब चारनॉक का कलकत्ता में निधन। 1818: मराठा सेना और ब्रिटिश सेना के बीच रामपुरा में तीसरी और अंतिम लड़ाई हुई। 1836: प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने पहली बार मानव शरीर की आंतरिक संरचना का अध्ययन किया। 1863: लंदन में विश्व की पहली अंडरग्राउंड रेल सेवा शुरू हुई। 1886: भारत के शिक्षाविद, अर्थशास्त्री एवं न्यायविद् जॉन मथाई का जन्म। 1908: हिन्दी के निबन्धकार और साहित्यकार पदमाराय राय का जन्म। 1912: सम्राट जार्ज पंचम और रानी मेरी भारत से रवाना हुए। 1940: भारतीय पार्श्व गायक और शास्त्रीय संगीतकार के. जे. येसुदास का जन्म। 1946: लंदन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक में 51 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 1966: भारत और पाकिस्तान के बीच ताशकंद घोषणा शांति समझौता पर हस्ताक्षर। 1969: प्रसिद्ध राजनेता एवं लेखक सम्पूर्णानंद का निधन। 1972: पाकिस्तान की जेल में नौ महीने से अधिक समय तक कैद रहने के बाद शेख मुजीब-उर-रहमान स्वतंत्र राष्ट्र बने बंगलादेश पहुंचे। 1974: भारतीय अभिनेता ऋतिक रोशन का जन्म। 1975: नागपुर में प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन। 1987: पूरी दुनिया का चक्कर लगाने का पहला नौका अभियान बम्बई में पूरा हुआ। 2003: उत्तर कोरिया परमाणु अप्रसार संधि से हटा। 2006: तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा की। 2013: पाकिस्तान में कई बम धमाकों में 100 लोगों की मौत, 270 घायल। 2020: केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के लिए अधिसूचना जारी की। 2022: म्यांमार की एक अदालत ने नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित आंग सांग सू की को कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों का उल्लंघन करने के लिए चार साल की सजा सुनाई।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1420, रसकट ढैया 1200-1230, चाकू 1400-1550, लड्डू 1500-1611, खुरपापाड़ 1370-1415, शक्कर मसाला 1600-1620। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 79700 | चांदी- | 90900 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 59600 |

## आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 10 जनवरी, 2024

**मेष-** इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभदायी।
**वृषभ-** किसी के माध्यम से कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास, मेल-मिलाप में अभिरुचि, आपसी तनाव से राहत, यात्रा का सुयोग, हर्ष भी।
**मिथुन-** भाग्योदय में बाधा, संकल्प-विकल्प से कार्यों की सफलता में संदेह, कर्ज से परेशानी, समस्याओं के चलते निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, मन दुखी।
**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, योजना साकार होने की ओर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, लाभ।
**सिंह-** महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, भौतिक सुख सुविधा के निमित्त व्यय, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग उपस्थित।
**कन्या-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, शत्रु पराभूत, विवादास्पद मसला हल, शान्ति भी।
**तुला-** समय आशा के विपरीत, व्यावसायिक हानि, कर्ज की अधिकता से परेशानी, समस्याओं से उलझनें, अधीनस्थ सहयोगियों से तनाव, यात्रा निष्फल, मानसिक बेचैनी।
**वृश्चिक-** अधूरी या नव योजना पर कार्यारम्भ, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, मनोरंजन में व्यय भी।
**धनु-** शारीरिक सुख, पुरातन विवाद का समापन, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, घरेलू वातावरण सुखद, खुशी का माहौल।
**मकर-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, समस्याओं का निराकरण संभव, धनागम का सुअवसर, परोपकार की भावना जाग्रत, संत समागम से खुशी, यात्रा, विवाद समापन।
**कुम्भ-** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, कर्ज से परेशानी, वाद-विवाद से मानसिक अशांति, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, धनहानि।
**मीन-** बुद्धि चातुर्य से कार्य बनने की ओर, जनसम्पर्क का सुयोग, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, धार्मिक कार्यों में अभिरुचि, आर्थिक लाभ।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

### गुस्साए ग्रामीण बोले-कई वर्षों से अफसरों ने गांव में नहीं सुनी समस्याएं

### एसओसी के समक्ष किसानों ने किया हंगामा, गांव में हरिजन बस्ती और अम्बेडकर पार्क के लिए भूमि नहीं छोड़ने सहित कई अनियमितता के आरोप



बुढ़ाना, 9 जनवरी (बु.)। ब्लॉक के ग्राम बिराल में बृहस्पतिवार के दिन चकबंदी विभाग के एसओसी पहुंचे, तो ग्रामीणों ने साफ कहा कि फिलहाल गांव में चकबंदी का जो कार्य चल रहा है, उसमें पूरी धांधली है। जब तक धांधलेबाजी खत्म नहीं होगी तब तक गांव मे चकबंदी नहीं होने दी जाएगी।
ग्रामीणों ने एसओसी देवेंद्र सिंह रायपा को बताया कि गांव बिराल में बाईपास नहीं है। गंदे पानी की निकासी के लिए नाला नहीं है। गोबर व कूड़े के खाते नहीं हैं। वर्तमान समय में जो नहर है, उसमें किसानों को नहर की नाली नहीं दी गई। चकबंदी में ज्यादा हवाई चक लगे हैं। किसानों के 2-2 चकों की संख्या ज्यादा है। बहुत से किसानों के 3-3 चक हैं। किसानों को मूलजोत पर चक नहीं दिए गये। हरिजन बस्ती के लिए भूमि, गोदाम, अम्बेडकर पार्क व खेल के मैदान का सही चयन नहीं है। मृत पशुओं के लिए भूमि नहीं छोड़ी गयी। आबादी की परिक्रमा के लिए रोड नहीं छोड़ा गया। एक स्थान पर 3-3 चकदारों के नाम चक प्रदण्ड किये गये जो ज्यादा निगरानी में हैं। मृतक बच्चों हेतु और कब्रिस्तान की जगह नहीं दी गयी। हाईवे के दोनों तरफ रास्ता नहीं दिया गया। कई वर्षों से चकबन्दी अधिकारियों ने किसानों से गाँव में जाकर कोई संवाद नहीं किया, जिससे किसानों में आक्रोश है। इसलिए जब तक शिकायतों का निस्तारण नहीं होता है, तब तक गांव में चकबंदी का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। यहां सीओ चकबंदी कल्याण प्रताप सिंह, लेखपाल अमित, ग्राम प्रधान सौरभ सिंह, किसान मजदूर संगठन के ग्राम बिराल अध्यक्ष ठाकुर मदन सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, ठाकुर सतबीर सिंह, बिल्लू राणा, बिट्टू राणा, पप्पू ठाकुर, ओम सिंह फौजी, अमित सिंह, डॉक्टर मुकेश, संदीप, राजपाल सिंह, ठाकुर राजेश सिंह, कुलदीप सिंह, राहुल ठाकुर व ठाकुर सुभाष सिंह आदि मौजूद रहे।

## नमो भारत के उद्घाटन में मुजफ्फरनगर के आयुष रस्तोगी ने दी थी पीएम मोदी को अपनी पेंटिंग



मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी (बु.)। पांच जनवरी को आनंद विहार से मेरठ नमो भारत ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर जिन बच्चों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पेंटिंग बनाकर दी थी, उनमें से एक बच्चा आयुष रस्तोगी मुजफ्फरनगर का ही निवासी है। देश के प्रधानमंत्री द्वारा उक्त पेंटिंग को लेने के बाद बच्चों की तारीफ की गई थी। मोदीनगर के इंस्टीटयूट ऑफ फाइन आर्ट में पढ़ रहे छात्रों में से सात बच्चे देश के प्रधानमंत्री को पेंटिंग देने के लिए चुने गये थे, जिसमें मुजफ्फरनगर के निवासी आयुष रस्तोगी का भी नाम शामिल था। प्रधानमंत्री को पेंटिंग देने के बाद आयुष के माता-पिता मनीषा रस्तोगी और विनीत रस्तोगी जोकि मुजफ्फरनगर के आदर्श कॉलोनी के रहने वाले हैं, अपने पुत्र के उक्त कार्य से गदगद दिखाये दिये। आयुष की माता मनीषा रस्तोगी ने बताया कि आयुष को बचपन से ही पेंटिंग करने का शौक रहा है और उसके उत्साह को कम न करते हुए उन्होंने उसे मोदीनगर के इंस्टीटयूट ऑफ फाइन आर्ट में पढ़ने का अवसर प्रदान किया। इस मौके पर माता-पिता ने आयुष की कला को आगे बढ़ाने में उनके शिक्षकों का विशेष योगदान बताया।

## प्लाट पर दो पक्षों में तनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने सुनी दोनों पक्षों की बात



बुढ़ाना, 9 जनवरी (बु.)। कस्बे के जोगपुरा मंदिर रोड पर स्थित एक प्लाट के मामले में एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती ने बृहस्पतिवार के दिन डीएम के निर्देश पर दोनों पक्षों को अलग-अलग अपने पास बुलाया और उनसे बातचीत की। दोनों ही पक्षों ने एसडीएम के समक्ष प्लाट को अपना-अपना बताया।
दरअसल उक्त प्लाट का बैनामा मौहम्मद नौशाद के नाम पर है, जबकि बुढ़ाना नगर पंचायत ने दूसरे पक्ष बिजेंद्र वर्मा को उक्त प्लाट पर कार्य करने के लिए लिखित रूप से दे रखा है। इसी को लेकर प्रशासन जांच कर रहा है। आज इस संबंध में नौशाद पक्ष और बिजेंद्र पक्ष एसडीएम से मिले और अपनी बात रखी। इस संबंध में जब बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन से बातचीत की गयी, तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में प्लाट की गाटा संख्या को लेकर विवाद है। इसमें कोई प्लाट मिस हो गया है। गाटा संख्या 2275 की पूरी पैमाइश होगी। राजस्व विभाग और नगर पंचायत एसडीएम बुढ़ाना के निर्देश पर एक टीम के रूप में मामले की जांच शीघ्र करेगी और पैमाईश की जाएगी। इससे पहले ना तो दोनों पक्ष और ना ही नगर पंचायत कोई भी निर्माण कार्य उक्त विवादित प्लॉट पर नहीं कर सकती। जल्दी ही उक्त समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## भीषण सड़क हादसा: खड़े ट्रक में घुसी बाइक, चाचा-भतीजे की मौत

जालौन, 09 जनवरी (एजेंसी)। रिश्तेदारी में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहे चाचा-भतीजे की बाइक हाईवे पर खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में दोनों संभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते थे। कानपुर देहात जिले के मूसा नगर थाना क्षेत्र के गानहा गांव निवासी पवन कुमार (25) रिश्ते में चाचा लगने वाले रामबाबू (45) के साथ गुरुवार रात बाइक से कालपी कोतवाली क्षेत्र के देवकली गांव स्थित रिश्तेदार के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। जब उनकी बाइक कालपी कस्बा स्थित दुर्गा मंदिर के पास पहुंची कि तभी अनियंत्रित होकर उनकी बाइक खड़े ट्रक में घुस गई। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर दोनों को बाहर निकाला और सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिवार के समर सिंह ने बताया कि दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते थे। पवन की दो साल पहले कानपुर में शादी राखी से हुई थी, उसके एक बच्चा भी है। वहीं रामबाबू की पत्नी का दस साल पहले निधन हो चुका है। वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

## डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देशन में सघन चैकिंग अभियान



मुजफ्फरनगर, 9 जनवरी (बु.)। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देशन में गुरूवार को कचहरी परिसर में डॉग स्क्वायड, एलआईयू व एएस चैक टीम तथा कचहरी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों के साथ सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग भी की गयी तथा उनसे पूछताछ की गयी कि वे कचहरी में किन कार्यों से तथा किससे मिलने आए हैं। चैकिंग के दौरान कचहरी में हड़कम्प मचा रहा।

## मुंगेली जिले के कुसुम स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, चार की मौत

मुंगेली, 09 जनवरी (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले से एक बड़ी खबर है। कुसुम स्टील प्लांट में बड़ा हादसा हुआ है। चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोगों के दबे होने की खबर है। रामबोड में स्थित कुसुम स्टील प्लांट में हादसे की खबर के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर हड़कंप मच गया। प्लांट प्रशासन ने पहले, तो लोगों को अंदर जाने से रोका, लेकिन फिर शोर-शराबे और कर्मचारियों के दबाव के बाद ही रेस्क्यू टीम को अंदर जाने की अनुमति दी गई। मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट में औद्योगिक दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सीएम विष्णु देव साय ने इस हादसे में दुख व्यक्त किया है। कहा, "मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट में औद्योगिक दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## राजस्थान की एसआई भर्ती परीक्षा-2021 नहीं होगी रद्द

जयपुर, 09 जनवरी (एजेंसी)। पेपर लीक को लेकर विवादों में रही राजस्थान स्क भर्ती परीक्षा 2021 को राज्य सरकार ने निरस्त करने से इंकार कर दिया है। इसे लेकर सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने गुरुवार (9 जनवरी) को हाईकोर्ट में जवाब पेश कर दिया है। जवाब की कॉपी सभी पक्षकारों को दी गई है। आज इस मामले में सुनवाई होनी थी, जो अब कल होगी। हालांकि, हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि जब कैबिनेट, सब कमेटी और अन्य एजेंसियों ने भर्ती परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की है तो फिर सरकार भर्ती रद्द क्यों नहीं कर रही है। हाईकोर्ट की ओर से आरडी रस्तोगी को न्याय मित्र बनाया गया है। सरकार के जवाब को लेकर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा- सरकार का जवाब गोलमोल है। सरकार गुमराह करने का प्रयास कर रही है। हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। जवाब में सरकार की ओर से कहा गया है कि अभी मामले की जांच चल रही है। हमने पेपर लीक में शामिल लोगों को पकड़ा है। डमी व नकल करने वाले करीब 40 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर्स को हमने सस्पेंड कर दिया है।

## रामपुर तिराहा कांड: मिश्रा और ब्रजकिशोर मामले में हुई सुनवाई

### सीबीआई की ओर से नहीं हो सकी बहस, बचाव पक्ष पेश करेगा गवाह

मुजफ्फरनगर, 09 जनवरी (बु.)। बृहस्पतिवार को रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में बचाव पक्ष 16 जनवरी को अपना गवाह पेश करेगा। वहीं सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में सीबीआई की तरफ से बहस नहीं की गयी। एक अक्टूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था।
आरोप है टकराव होने पर पुलिस की तरफ से आंदोलनकारियों पर फायरिंग कर दी गयी, जिसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी। वहीं महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले भी सामने आए थे। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई की तरफ से सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। ऐसे ही एक मामले में कोर्ट से दो आरोपियों को सजा भी सुनाई जा चुकी है, लेकिन अभी भी कई मामले विचाराधीन हैं। गुरुवार को रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम ब्रजकिशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में हुई है। उत्तराखंड संघर्ष समिति के अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले बचाव पक्ष की तरफ से गवाही के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। वही सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। गुरुवार को इस मामले में सीबीआई की तरफ से बहस नहीं की गयी।

# पूरी दुनिया तक हम पहुंचाएंगे कुंभ की महागाथा: सीएम योगी

### प्रयागराज महाकुम्भ के लिए तैयार मीडिया सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन



प्रयागराज, 09 जनवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को महाकुम्भनगर में डिजिटल मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने मीडिया सेंटर का अवलोकन भी किया और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मीडिया सेंटर में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल मीडिया सेंटर 45 दिन तक चलने वाले महाकुम्भ की महागाथा को पूरी दुनिया में प्रसारित करने के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगा। यहां सूचनाओं को संकलित करने, उन्हें प्रसारित करने के लिए वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह महाकुम्भ के लिए पूरी दुनिया से आ रहे श्रद्धालुओं की सूचनाओं का भी प्रमुख केंद्र होगा। इसके माध्यम से डबल इंजन की सरकार द्वारा महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं और सुरक्षा से संबंधित जानकारी लोगों तक पहुंचेगी और महाकुम्भ की एक सकारात्मक छवि उभरकर सामने आएगी। यह सेंटर न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रमुख स्रोत बनेगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और डिजिटल मीडिया जगत के संवाददाताओं और छायाकारों के लिए भी सुविधाजनक होगा। मीडिया सेंटर में स्थापित खास डिजिटल सेल्फी पॉइंट पर मुख्यमंत्री ने सेल्फी भी ली। डिजिटल मीडिया सेंटर में करोड़ों रुपये की लागत से हाई रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से प्रसारित होने वाली सूचनाओं के माध्यम से दर्शक महाकुम्भ के आयोजन का वास्तविक अनुभव ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त, मीडिया सेंटर में एक विशेष पॉडकास्ट रूम भी बनाया गया है। यह पॉडकास्ट रूम महाकुम्भ से संबंधित चर्चा का केंद्र बिंदु होगा। यहां विशेषज्ञ विभिन्न मीडिया माध्यमों से महाकुम्भ के महत्व, आयोजन की प्रक्रिया और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जानकारी साझा कर सकेंगे। डिजिटल मीडिया सेंटर में एक अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम भी है, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य विशिष्टजन मीडिया प्रतिनिधियों के जरिए लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे।

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी ने दिया भविष्य का मंत्र, कहा-युद्ध पर नहीं, बुद्ध पर हो ध्यान



भुवनेश्वर, 09 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे।।।ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे।।।ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। आपका प्यार, आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहता है। हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं, हमारा जीवन ही विविधता प्रदान करता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। ।ारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है।

## फिल्ममेकर प्रीतीश नंदी का निधन, सदमे में बॉलीवुड

नई दिल्ली, 09 जनवरी (एजेंसी)। प्रसिद्ध कवि, लेखक, पत्रकार, और फिल्म निमार्ता प्रीतीश नंदी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन की खबर ने साहित्य और कला जगत को गहरे शोक में डाल दिया है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी प्रीतीश नंदी के निधन से सितारों के बीच शोक की लहर है। ऐसे में अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक कर देने वाला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने फिल्ममेकर के बारे में कुछ खट्टी-मीठी यादों को शेयर किया है। अनुपम खेर के इस पोस्ट पर फैन्स भी जमकर कमेंट कर रहे हैं। अनुपम खेर ने प्रीतीश नंदी के निधन पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, "मैं यह सुनकर बेहद दुखी और स्तब्ध हूं कि मेरे सबसे प्रिय और करीबी दोस्तों में से एक, प्रीतीश नंदी का निधन हो गया है। वह एक अद्भुत कवि, लेखक, फिल्म निमार्ता और बहादुर तथा अनोखे संपादक/पत्रकार थे। मुंबई में मेरे शुरूआती दिनों में वह मेरे सपोर्ट सिस्टम और ताकत का बड़ा स्रोत थे"। एक्टर ने आगे लिखा, "हम दोनों के बीच कई चीजें कॉमन थीं। वह अब तक मिले सबसे निडर इंसानों में से एक थे।

## मेहंदीपुर बालाजी के दरबार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने रालोद नेताओं संग लगाई हाजिरी




मेहंदीपुर, 09 जनवरी (बुस.)। आज मेहंदीपुर बालाजी में श्री बालाजी दरबार सेवा समिति मुजफ्फरनगर ट्रस्ट के संयोजक व बड़े गुरुजी चंद किरण गुरुजी और पंकज जिंदल गुरुजी ने मेहंदीपुर दरबार में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, योगराज पूर्व मंत्री युवा नेता राष्ट्रीय लोकदल गौरव बालियान का पटका पहना कर और मोमेंटो देकर स्वागत किया।
स्वागत के समय पूनम शर्मा पूर्व सभासद मुजफ्फरनगर, स्वाति जिंदल, प्रवीण गर्ग, नितिन शर्मा, कन्हैया शर्मा, संजीव गर्ग उर्फ बीटन, कैलाश पाल, प्रवीण वर्मा, गौरव टैट, मन्नू मेहंदी रत्ता, तरुण सिंगल, भूरी भाई, शलभ गर्ग आदि मौजूद रहे।

## गूगल मैप ने दिया धोखा, असम की जगह नागालैंड पहुंच गई पुलिस

नई दिल्ली, 09 जनवरी (एजेंसी)। असम के जोरहाट जिले की पुलिस एक अपराधी की तलाश कर रही थी, लेकिन गूगल मैप की गड़बड़ी के कारण टीम गलती से नगालैंड पहुंच गई। पुलिस टीम में कुल 16 पुलिसकर्मी शामिल थे, जिनमें से केवल तीन वर्दी पहने हुए थे, जबकि बाकी सादे कपड़ों में थे। गूगल मैप ने एक चाय बागान को असम की सीमा के भीतर दिखाया जबकि वह असल में नगालैंड के मोकोकचुंग जिले का हिस्सा था। रात के अंधेरे में पुलिस टीम गूगल मैप द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलती हुई राज्य की सीमा पार कर गई।
नगालैंड में प्रवेश करने के बाद स्थानीय लोगों को पुलिस की गतिविधियों पर शक हुआ। टीम के पास हथियार देखकर लोगों ने उन्हें बदमाश समझ लिया और हमलावर हो गए। इस हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पूरी टीम को बंधक बना लिया। पुलिसकर्मी खुद को छुड़ाने की कोशिश करते रहे, लेकिन स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर हो गई। मुश्किल में फंसी पुलिस टीम ने नगालैंड के स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मदद मांगी। उन्होंने अधिकारियों को पूरी स्थिति की जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम मौके पर भेजी। जब स्थानीय पुलिस ने वहां के लोगों को समझाया कि यह असम पुलिस की टीम है, तब जाकर स्थिति शांत हुई। घायल पुलिसकर्मी समेत कुछ सदस्यों को तुरंत रिहा कर दिया गया, लेकिन 11 पुलिसकर्मियों को स्थानीय लोगों ने रातभर बंधक बनाए रखा। अगले दिन सुबह सभी पुलिसकर्मियों को रिहा किया गया और वे सुरक्षित असम लौट आए। घटना के बारे में असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह गलती जीपीएस की गड़बड़ी के कारण हुई। गूगल मैप्स ने जिस स्थान को असम में दिखाया, वह वास्तव में नगालैंड में था।

## ट्रैक्टरों से जोर आजमाइश की लगी थी शर्त, पलटने से एक की मौत, वीडियो हुआ वायरल



डिबाई, 09 जनवरी (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर दो ट्रैक्टरों की रस्सी बांधकर जोर आजमाइश के दौरान एक किशोर की मौत का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो डिबाई के गांव सूरजपुर मखैना का निकला।
हादसे में जान गंवाने वाला 17 वर्षीय तेजवीर उर्फ तेजी इसी गांव का निवासी है। वहीं, बीट सिपाही ने मामले में दूसरे ट्रैक्टर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि जोर आजमाइश के दौरान एक ट्रैक्टर दूसरे ट्रैक्टर को पीछे की ओर खींच कर ले गया। जिसे गांव निवासी किशोर तेजवीर चला रहा था। तेजवीर का ट्रैक्टर इसी दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वीडियो का वायरल होने पर अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। जिसके बाद बुधवार शाम को जानकारी हुई कि मामला कहां का है। यह वीडियो गत चार जनवरी का बताया जा रहा है। बीट कांस्टेबल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत चार जनवरी को गांव में मोबाइल टावर के पास घोसीपुर-मखैना रास्ते पर गांव निवासी कलुआ (22) और तेजवीर उर्फ तेजी (17) अपने ट्रैक्टरों को रस्सी से जोड़कर जोर आजमाइश कर रहे थे। दोनों के बीच शर्त लगी थी। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान दौरान हादसा हो गया। परिवार में मां उर्मिला देवी, दो भाई, दो बहन हैं। पिता खेती करते हैं। सीओ डिबाई शोभित कुमार ने कहा कि बीट आरक्षी नगेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कलुआ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करेगी।

## लॉस एंजिल्स में आग का तांडव, हॉलीवुड स्टार्स के बंगले जले, पांच लोगों की मौत

कैलीफोर्निया, 09 जनवरी (एजेंसी)। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी आग लगी हुई है। तेज हवा के साथ जंगल से शहर तक पहुंची आग की लपटों ने हजारों इमारतों को अपनी जद में लिया है और देखते ही देखते चारों ओर राक्षसी आग फैल गई है। पूरी की पूरी पहाड़ आग के कारण रात में धधकते हुए अंगारों की तरह लाल नजर आ रही है। जंगलों में लगी इस आग से अब तक 5 हजार हेक्टेयर से ज्यादा इलाका प्रभावित हुआ है। आग से करीब 1100 इमारतें पूरी तरह जल गई हैं और 28 हजार घरों को नुकसान पहंचा है, वहीं 5 लोगों की मौत हो गई है।
कैलिफोर्निया के पॉश इलाके पैलिसेडेस में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले हैं, जिनमें से कई आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो चुके हैं। यहां रहने वाले सेलिब्रिटीज में मार्क हैमिल, पेरिस हिल्टन, जेमी ली कर्टिस, मैंडी मूर, मारिया श्राइवर, एश्टन कुचर, जेम्स वुड्स और लीटन मेस्टर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स शामिल हैं। इनमें से कई को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली कराया गया है, कमला हैरिस का घर लॉस एंजिसिल के ब्रेटनवुड इलाके में है। अमेरिका के लोग इस समय बड़ी परेशानी का सामना कर रहे हैं, एक तो एक दशक बाद आए बर्फीले तूफान ने तबाही मचाई, अब कैलिफोर्निया की आग लगातार रिहायशी इलाकों में फैलती जा रही है। इस आग से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 70 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। इसके साथ ही 5 लोगों की मौत और कई लोग घायल हुए हैं। कई प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। वहीं करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं, प्रशासन ने शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

